NOVEMBER, 2023

VOLUME 6

# जल जीवन मिशन मध्यप्रदेश

## संवाद

प्रदेश में जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य प्रगतिरत है। इस कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु मिशन के कार्यों को राज्य शासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विशेष उपलब्धियॉ अर्जित की गई हैं, 30 नवंबर 2023 की स्थिति में प्रदेश के कुल 1 करोड़ 11 लाख ग्रामीण परिवारों में से कुल 66.09 लाख (59.12%) ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अभी तक 148 समूह ग्राम जलप्रदाय योजनायें एवं 26,261 एकल ग्राम नलजल योजनायें स्वीकृत की जा चुकी हैं, इस प्रकार पूरे प्रदेश के सभी 51,417 ग्रामों के लिए नलजल योजनाओं के नियोजन का कार्य पूरा किया जा चुका हैं। प्रदेश के सभी जिलों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम का क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है, सतत् मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवण कर कार्यो में प्रगति लाने के बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति समायावधि में कर सकें।

**संजय कुमार शुक्ल**
**प्रमुख सचिव**
**मध्यप्रदेश शासन**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**


### इस अंक के मुख्य विवरण

- मिशन की उपलब्धियाँ एवं समीक्षा बैठक
- स्वीकृत योजनाओं की स्थिति
- प्रदेश में मिशन की प्रगति
- शीर्ष 05 डिवीजन में मिशन की प्रगति
- सफलता की कहानी
- मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ एवं सोशल मीडिया


# मिशन की उपलब्धियाँ  एवं समीक्षा बैठक

दिनांक 24-11-2023 को प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अध्यक्षता में भोपाल जोन के मुख्य अभियंता श्री हिरोड़िया, श्री राजेश शाक्यवार, अधीक्षण यंत्री, श्री नरेन्द्र चौहान, स्टेट वाश ऑफिसर यूनिसेफ, यूनिसेफ स्टेट कंसलटेंट, स्टेट पी एम् यू एक्सपर्ट्स की उपस्थिति में विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित प्रचार प्रसार सामग्री के संबंध में समस्त जोन के मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण यंत्रियों, खंडों के कार्यपालन यंत्रियों, ISA एवं KRC संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा गई ।



# स्वीकृत योजनाओं की स्थिति




## एकल एवं समूह ग्राम योजनाओं का विवरण

| विवरण | ग्राम |
|---|---|
| कुल नियोजित ग्राम | 51,306 |
| एकल ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | 26,261 |
| समूह ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | 35,996 |

## मिशन की भौतिक प्रगति

| | |
|---|---|
| कुल लक्षित परिवार (एफएचटीसी) | 119.88 लाख |
| 15 अगस्त 2019 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 13.53 लाख (11.30%) |
| 1 अप्रैल 2022 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 49.20 लाख (41.04%) |
| 30 नवंबर 2023 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 66.09 लाख (59.12%) |

# प्रदेश में मिशन की प्रगति



## एकल नलजल योजनाओं की अद्यतन प्रगति

| विवरण | योजनाओं की संख्या |
|---|---|
| पूर्ण | 8565 |
| प्रगतिरत | 17389 |
| निविदा प्रक्रियाधीन | 305 |
| योग | 26,261 |


इन्टेक वेल मोहखेड़ समूह जल प्रदाय योजना

## समूह नलजल योजनाओं की अद्यतन प्रगति

| योजनाओं का विवरण | योजनाओं की संख्या | ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|
| पूर्ण | 33 | 1733 |
| प्रगतिरत | 109 | 32700 |
| निविदा प्रक्रियाधीन | 06 | 1563 |
| कुल | 148 | 35996 |

## शालाओं एवं आंगनवाड़ियों में पेयजल कार्यों की प्रगति

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| प्रदेश में कुल शालाओं की संख्या | 93,419 |
| **पूर्ण शालाओं की संख्या** | 74024 (79%) |
| प्रदेश में कुल आंगनवाडियों की संख्या | 66,896 |
| आंगनवाडियों की संख्या | 42982 (64%) |



# शीर्ष 05 डिवीजन में मिशन के समस्त घटकों में दिनांक 30 नवंबर 2023 की स्थिति में अद्यतन प्रगति

## ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठन की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह नवंबर तक कुल गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों की संख्या |
|---|---|---|
| धार | 1473 | 1473 (100%) |
| राजगढ़ | 1665 | 1378 |
| सिवनी | 1577 | 1349 |
| बालाघाट | 1242 | 1241 |
| गुना | 1248 | 1191 |
| **कुल** | **7205** | **6632** |

## क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन की प्रगति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | कुल आवासों की संख्या | माह नवंबर तक कुल आवास जिनमें घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध हो गए है |
|---|---|---|---|
| धार | 1473 | 381536 | 277788 |
| बालाघाट | 1242 | 367486 | 268910 |
| खरगोन | 1140 | 353913 | 250331 |
| छिंदवाडा | 1904 | 353081 | 214894 |
| बैतूल | 1332 | 265628 | 194866 |
| **कुल** | **7091** | **1721644** | **1206789** |

## ग्राम कार्य योजना (VAP) निर्माण की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह नवंबर तक कुल ग्राम कार्य योजना निर्माण |
|---|---|---|
| रीवा | 2387 | 2186 |
| राजगढ़ | 1665 | 1505 |
| धार | 1473 | 1473 |
| सतना | 1761 | 1185 |
| गुना | 1248 | 1183 |
| **कुल** | **8534** | **7532** |

## फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षण की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह नवंबर तक कुल ग्राम जिनमे 5 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया |
|---|---|---|
| रीवा | 2387 | 1687 |
| सागर | 1847 | 1619 |
| विदिशा | 1524 | 1524 |
| धार | 1473 | 1407 |
| रायसेन | 1404 | 1403 |
| **कुल** | **8635** | **7640** |

## "हर घर जल" ग्राम प्रमाणीकरण की स्थिति

| जिला | माह नवंबर में (रिपोर्टेड) | माह नवंबर में (प्रमाणित) |
|---|---|---|
| इंदौर | 510 | 344 |
| बैतूल | 390 | 271 |
| सिहोर | 402 | 222 |
| खण्डवा | 345 | 208 |
| रायसेन | 363 | 195 |
| **कुल** | **2010** | **1240** |



## "एकल विधवा महिला को जल जीवन मिशन से मिली आजीविका की सुरक्षा"

यह कहानी श्रीमती गुज्जीबाई की है, जो कि रीवा जिले के विकासखंड मऊगंज के ग्राम पंचायत अटरिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम वनपढार में निवास करती है। ग्राम वनपढार जिला मुख्यालय से 82 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। गुज्जीबाई एक बुजुर्ग एकल विधवा महिला है जिनकी उम्र लगभग 70 वर्ष है। गुज्जीबाई बताती है की "उनकी कोई संतान नहीं थी, इसलिए पति और पत्नी दोनों साथ साथ रहते हुए अपना गुजर-बसर महाजन के खेतों में काम करके करते थे, जिससे उनको जीवन यापन के लिए पर्याप्त अनाज प्राप्त हो जाता था, उनके पति द्वारा कुछ अन्य कार्य करके भी धनार्जन कर लिया जाता था। ग्राम में उनके पास अपनी थोड़ी बहुत जमीन थी, परंतु ग्राम में पानी की व्यवस्था ना होने के कारण उस जमीन का कोई उपयोग नहीं होता था, ग्राम में लगभग सभी परिवारों की स्थिति यही थी, दिनचर्या के लिए भी पानी बहुत कठिनाई से प्राप्त होता था।"

श्रीमती गुज्जीबाई भावुक होकर कहती है कि "हमारी जिंदगी ऐसे ही हाल में चल रही थी, एक दिन अचानक उनके पति की एक दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के कारण उनका जीवन पूरी तरह से बिखर गया क्योंकि उनका कोई अन्य सहारा इस संसार मे नहीं था मानो जीवन ठहर सा गया ऐसा लगा अब जीवन जीना मात्र औपचारिकता था। इस विपदा की घड़ी में गांव के कुछ लोगों ने मेरी मदद की जैसे-जैसे समय बीतता गया मेरी आर्थिक स्थिति खराब होने लगी, जो कुछ जमा पूंजी थी वो भी धीरे-धीरे समाप्त हो गई मुझे ऐसा महसूस हो रहा था की मेरी जीने की इच्छा भी धीरे-धीरे समाप्त हो रही है।"

लेकिन एक भाग्यशाली दिन को गांव वनपढार के लोगों का और मेरा जीवन खुशहाल जीवन में बदल गया, जब जल जीवन मिशन के तहत मेरे एवं ग्राम के हर घर में एक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन स्थापित किया गया और शुद्ध पेयजल नियमित रूप से उपलब्ध होने लगा जिससे प्रतिदिन पानी लाने से संबंधित सभी समस्याएं पूरी तरह से समाप्त हो गईं। साथ ही इस विकट समय में गांव की महिलाओं द्वारा उनको सहारा दिया गया एवं जीने की राह दिखाई उन्होंने मुझे अपने घर के पास खाली जमीन में सब्जियाँ उगा कर आमदनी प्राप्त करने का रास्ता बताया। मैंने खाली जमीन पर सब्जियाँ लगाना शुरू कर दिया और कुछ महीनों में तैयार सब्जियां घर-घर जाकर उसे बेचना शुरू कर दिया जिससे गुजर बसर के लिया कुछ आमदनी प्राप्त होने लगी, जिससे मेरी आर्थिक स्थिति भी धीरे-धीरे ठीक होने लगी। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को मे मासिक जलकर की राशि भी नियमति रूप से देती हूँ।

मैं अपने जीवन में आए बदलाव और जीवन के इस पड़ाव में अपने पैरों पर फिर से खड़ा होने के लिए देश के माननीय प्रधानमंत्री जी, प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी और इस मिशन को घर-घर पहुंचाने वाले सभी व्यक्तियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देतीं हूँ। सही मायने में जल जीवन मिशन ने मेरी आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद की।"

श्रीमती गुज्जीबाई.........



## "समूह ग्राम नल जल योजना से ग्राम बना आदर्श ग्राम"

मध्यप्रदेश जल निगम की दमोह-पटेरा समूह जल प्रदाय योजना जिला-दमोह ब्लॉक- दमोह, हटा, पटेरा, जबेरा एवं तेंदूखेड़ा को मिलाकर कुल 457 ग्रामों के लिये शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य कर रही हैं। नल जल योजना आने के पूर्व ग्राम पड़रिया थोवन (आदर्श ग्राम) ग्राम में ग्रामीण क्षेत्र पथरीला होने के कारण जल की समस्या बनी ही रहती थी। ग्राम में हर वर्ष माह मई और जून में उपलब्ध संसाधन कुएं, हैण्डपंप एवं बावड़ियों का पानी पूर्णतः समाप्त हो जाता था। ऐसी स्थिति में लगभग 2 से 5 कि.मी. दूर दराजों से पानी भर के लाना पड़ता था। ग्राम की बुजुर्ग महिलाओं, छोटी-छोटी बच्चियों एवं गर्भवती महिलाओं को इन कठिनाईयों का विशेष सामना करना पड़ रहा था। शुद्ध पेयजल उपलब्ध न होने के स्थिति में जैसा भी पीने का पानी उपलब्ध हो रहा था उससे ही काम चलाना पड़ता था जिससे बीमारियाँ बनी ही रहती थीं।

वर्तमान में ग्राम के सभी घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल नियमित रूप से उपलब्ध हो रहा है। जब से समूह योजना से ग्राम को शुद्ध पेयजल प्राप्त होने लगा हुआ है तबसे पेयजल की किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। कुछ माह पूर्व पद्मश्री श्री रामसहाय पांडे जी द्वारा ग्राम को "हर घर जल" ग्राम घोषित किया गया है। ग्रामवासी शुद्ध पेयजल के उपयोग से जलजनित बीमारियों के प्रकोप से दूर हुए हैं, साथ ही उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में भी सुधार आया है।















दैनिक भास्कर देवास 25-11-2023



राहत • पहले लोग निजी टैंकरों से खरीदकर पीते थे पानी, अब 3.57 करोड़ की नल जल योजना ले रही आकार

## चापड़ा के श्याम नगर में 300 से अधिक परिवार की 20 साल पुरानी पेयजल समस्या दूर, अब नल से हर घर मिलने लगा पानी

### पुरानी टंकी का उपयोग किया, दो किमी दूर लगे बोरिंग से लाए पानी

### आने वाले समय में गांव को पीने के लिए नर्मदा का पानी मिलेगा



## सीईओ जिला पंचायत ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की सराहना

### इंटक वेल एवं वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का निरीक्षण कर ग्रामीणों से की चर्चा

## सोशल मीडिया


MP Jal Nigam ... · 1d
मध्यप्रदेश जल निगम का प्रयास, ग्रामीण महिलाओं के चेहरों पर आई मुस्कान,अब हर घर नल से जल पहुंच रहा है सबके पास
#MpJalNigam #JalJeevanMission
#HarGharJal #HarGharJalMP
#Communitysatisfaction
#13crhargharjal
@minphemp @MoJSDoWRRDGR
@JansamparkMP @jaljeevan_
@MP_MyGov @skshukla_ias
हर घर नल जल से संवर रहा है ग्रामीणों का कल
पहले
मजबूरी में सिर पर ढोकर पानी लेने जाना पड़ता था मीलों दूर
अब
मजबूरी से मिली आजादी पेयजल से आई सबके चेहरों पर खुशहाली


MP Jal Nigam ... · 19 Nov
मध्यप्रदेश जल निगम प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास कर रहा. ग्रामीणों के घरों में नल से जल पहुंच रहा है और पेयजल की समस्या भी दूर हो रही है...
#MpJalNigam #JJM #HarGharJal
#HarGharJalMP
#Communitysatisfaction
#13crhargharjal
मध्यप्रदेश जल निगम का प्रयास शुद्ध जल पहुंचाना सबके पास
ग्रामीण इलाकों में अब हर घर नल जल से पेयजल की समस्या दूर हो रही है
@mpjalnigam


MP Jal Nigam ... · 23 Nov
मध्यप्रदेश जल निगम के महत्वपूर्ण कदम से अब प्रदेश के ग्रामीणों का जीवन आसान हो गया है, हर घर नल जल से अब लाखों ग्रामीण परिवारों के घरों तक पेयजल आपूर्ति की जा रही है।
#MpJalNigam #JalJeevanMission
#HarGharJal #HarGharJalMP
#Communitysatisfaction
#13crhargharjal
#WomenEmpowermen
प्रदेश के ग्रामीणों का जीवन हुआ अब आसान
'मध्य प्रदेश जल निगम' ने बढ़ाया
एक महत्वपूर्ण कदम सुरक्षित और स्वच्छ जल की ओर
एक महत्वपूर्ण कदम समृद्ध और स्वस्थ जीवन की ओर
एक महत्वपूर्ण कदम बेहतर कल की ओर


2 15 25 200
MP Jal Nigam ... · 24 Nov
मध्यप्रदेश जल निगम का प्रयास बढ़ा रहा ग्रामीणों का विश्वास, हर घर नल जल से बुझ रही है अब सबकी प्यास...
#MpJalNigam #JalJeevanMission
#HarGharJal #HarGharJalMP
#Communitysatisfaction
#13crhargharjal
#womenempowerment
मध्यप्रदेश जल निगम का प्रयास
हर घर नल जल बढ़ा रहा है प्रदेश के ग्रामीणों का विश्वास


MP Jal Nigam ... · 14 Nov
जन-जन की चौपाल लगी है हर घर जल की बात चली है,मध्यप्रदेश के ग्रामीण इलाकों में अब नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हर घर नल जल की जानकारी दी जा रही है..
#MpJalNigam #JalJeevanMission
#HarGharJalMP
#Communitysatisfaction
#waterquality #nooneleftbehind
#13crhargharjal #चौपाल #nukkadnatak
मध्यप्रदेश जल निगम
नुक्कड़ नाटक
जन-जन की चौपाल लगी है हर घर जल की बात चली है


MP Jal Nigam ... · 14 Nov
इस बाल दिवस मध्यप्रदेश जल निगम सुनिश्चित करता है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल हमारी प्राथमिकता है...
#MpJalNigam #JalJeevanMission
#HarGharJal #HarGharJalMP
#WomenEmpowerment
#nooneleftbehind #13crhargharjal
#बालदिवस #ChildrensDay
मध्यप्रदेश जल निगम ने लिया यह संकल्प
इस बाल दिवस
शुद्ध जल से प्रदेश का हर बच्चा होगा स्वस्थ
@mpjalnigam


mpphedshahdol
@mppheSDL
Follo
Visit of Gohparu Group water su
schemes and inspection of sch
aganbadi by CEO ZP sir, Shahdo
Division.


MP Jal Nigam ... · 04 Nov
दिनांक 3 नवम्बर 2023 को प्रवीण कुमार गुरु, मुख्य महाप्रबंधक - विंध्य, मध्य प्रदेश जलनिगम द्वारा कंदेला समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण कर रीवा ज़िले में अन्य प्रगतिरत योजनाओं की समीक्षा की गयी...
#MpJalNigam #JJM #HarGharJalMP
#13crhargharjal #monitoring #sitevisit
Review & Intensive Monitoring of water supply schemes
@mpjalnigam